वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व में बाघों की संख्या में वृद्धि

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण (NTCA)** ने आधिकारिक तौर पर **वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व (VTR) में** बाघों की आबादी में वृद्धि की घोषणा की।

- इसमें बड़ी बिल्लियों की संख्या में **31 (वर्ष 2018) से 54 (वर्ष 2023)** तक की वृद्धि देखी गई।
  - **बिहार सरकार कैमूर वन्यजीव अभयारण्य** को VTR के बाद **राज्य का दूसरा व्याघ्र अभयारण्य** घोषित करने के लिये **NTCA** की मंज़ूरी मिलने का इंतज़ार कर रही है।

मुख्य बिंदु:

- **VTR बिहार का एकमात्र बाघ अभयारण्य/टाइगर रिज़र्व** है, जो भारत में **हिमालय के तराई वनों** की सबसे पूर्वी सीमा का निर्माण करता है।
  - **VTR बिहार के पश्चिम चंपारण ज़िले** में स्थित है जो **उत्तर में नेपाल** तथा **पश्चिम में उत्तर प्रदेश** के साथ सीमा साझा करता है।
- **गंगा के मैदानी जैव-भौगोलिक क्षेत्र** में स्थित इस टाइगर रिज़र्व की वनस्पति **भाबर** तथा **तराई क्षेत्रों** का संयोजन है।
- **भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021** के अनुसार, इसके कुल क्षेत्रफल का **85.71%** भाग वनाच्छादित है।
- **वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व** के वनों में पाए जाने वाले वन्य स्तनधारियों में **बाघ, स्लॉथ भालू, तेंदुआ, जंगली कुत्ता, बाइसन, जंगली सूअर** आदि शामिल हैं।
- **गंडक, पंडई, मनोर, हरहा**, मसान तथा भपसा नदियाँ इस अभ्यारण्य के विभिन्न हिस्सों से प्रवाहित होती हैं।



//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/a-rise-in-tiger-numbers-in-valmiki-tiger-reserve